6 राज्य • 2 केंद्रशासित प्रदेश • 21 संस्करण
राजधानी
वर्ष 12 | अंक 302
पृष्ठ : 8+6=14
मूल्य : चार रुपये

अमर उजाला

लखनऊ
बृहस्पतिवार,
30 अप्रैल 2020
amarujala.com

कोरोना को हराने के लिए सबसे बड़ा हथियार
मास्क...हैंडवॉश और सामाजिक दूरी

टूटा बर्फ का पहाड़, बढ़ा खतरा : प्रो. भरत

लखनऊ। वैदिक विज्ञान केंद्र लखनऊ के अध्यक्ष व स्कूल ऑफ मैनेजमेन्ट साइंसेस लखनऊ के महानिदेशक प्रो. भरत राज सिंह ने समुद्र में टूटे बर्फ के पहाड़ के खतरे से दुनिया को आगाह किया है। प्रो. भरत राज सिंह के अनुसार यह बर्फ का पहाड़ वर्ष 2017 में अंटार्कटिका में टूटा था। उस समय यह पहाड़ 5890 वर्ग किलोमीटर क्षेत्रफल, अनुमानित मोटाई 650 मीटर और वजन एक खरब ट्रिलियन टन वाला था। इसकी समुद्र में चलने की गति लगभग तीन किलोमीटर प्रति घंटे की आंकी गई थी। आज समुद्र में धीरे-धीरे पिघलकर यह 5100 वर्ग किलोमीटर का ही बचा है। ये इतना विशालकाय है कि इस पर न्यूयॉर्क के आकार के पांच शहर बसाये जा सकते हैं। वर्ष 2018 में इससे एक टुकड़ा टूटा था। इस साल भी इसका एक टुकड़ा अलग हुआ है। इस बर्फ के पहाड़ की वजह से समुद्र के निचले इलाके पानी में डूब सकते हैं।